त्रैमासिक परीक्षा - 2024

कक्षा - 9

विषय - सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टे | पूर्णांक : 80

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसमें 30 उपप्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

प्र.1- सही विकल्प चुनिये - (1X6=6)

1. फ्रांस की क्रांति कब हुई थी?
   (A) 1689 (B) 1789 (C) 1889 (D) 1947
2. फ्रांसीसी क्रांति के समय फ्रांस पर किसका शासन था?
   (A) मुसोलिनो (B) नेपोलियन (C) लुई 16वां (D) इनमें से कोई नहीं
3. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो
   (A) तट (B) प्रायद्वीप (C) द्वीप (D) इनमें से कोई नहीं
4. पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर है-
   (A) अनाईमुडी (B) महेंद्रगिरि (C) कंचनजंगा (D) खासी
5. इनमें से कौन स्थाई पूंजी नहीं है?
   (A) बीज (B) मशीन (C) जेनेरेटर (D) औजार
6. इनमें से कौन अस्थाई/कार्यशील पूंजी है?
   (A) नकद रूपया (B) जेनेरेटर (C) टरबाइन (D) थ्रेसर

प्र.2- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (1X6=6)

1. फ्रांस की महिलाओं को मताधिकार सन .................. में प्राप्त हुआ।
2. 1804 मे ...................................... ने खुद को फ्रांस का सम्राट घोषित किया।
3. प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत ..................... में हुई।
4. ......................... भारत को दो बराबर भागों में बांटती है।
5. भारत और श्रीलंका के बीच ............ खाड़ी है।
6. .................. झील भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है।

प्र.3- एक वाक्य / शब्द में उत्तर लिखिये - 6

1. अगस्त 2002 में किस आर्डर द्वारा पाकिस्तान का संविधान बदल दिया गया?
2. पालमपुर से निकटतम छोटे कस्बे का नाम बताइये।
3. कौन-से दशक के अंत में हरित क्रांति शुरु हुई?
4. अदृश्य बेरोजगारी का दूसरा नाम क्या है?
5. रूस का अंतिम जार कौन था?
6. चिल्का झील किस राज्य में स्थित है?

प्र.4- सही जोडी बनाइये- 6

| | | |
|---|---|---|
| 1. विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश | - | a) दास कैपिटल |
| 2. टाइल | - | b) चर्च द्वारा वसूल किया जाने वाला कर |
| 3. टाइद | - | c) सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर |
| 4. कार्ल मार्क्स | - | d) राष्ट्रीय जन संसद |
| 5. जैसलमेर | - | e) बरकान |
| 6. चीन | - | f) एच. वाइ. वी. |
| 7. अधिक उपज वाले बीज | - | g) कनाडा |

प्र.5- सत्य/असत्य की पहचान कीजिये- (1X6=6)

1. मानवीय पूंजी निर्माण आर्थिक विकास के लिये आवश्यक है।
2. अठारहवीं सदी में फ्रंसीसी समाज 2 एस्टेट्स में विभाजित था।
3. "अप्रैल थीसिस" का विचार लेनिन ने दिया था।
4. भारत के दक्षिण में हिमालय है।
5. चीन में सरकार हमेशा कम्युनिस्ट पार्टी की ही बनती है।
6. भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे।

प्र.6- जेकोबिन क्लब के सदस्य कौन थे? 2

अथवा

फ्रांस के संदर्भ में टाइद और टाइल क्या था?

प्र.7- उन देशों के नाम बताइए जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं? 2

अथवा

अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह के नाम बताइए।

प्र.8- लोकतंत्र की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

लोकतंत्र काअर्थ सरल शब्दों में लिखिए।

प्र.9- स्थायी पूंजी किसे कहते हैं? 2

अथवा

कृषि आधारित कोई दो उद्योग लिखिए।

प्र.10- कोआपरेटिव क्या था? 2

अथवा

खूनी रविवार की घटना क्या थी?

प्र.11- भाबर क्या है? 2

अथवा

भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहां स्थित है।

प्र.12- सेवा क्षेत्र क्या है? 2

अथवा

'बेरोजगार' शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.13- संविधान से क्या आशय है? 2

अथवा

लोकतंत्र के दो प्रमुख दोष लिखिए।

प्र.14- पालमपुर गांव की गैर कृषि क्रियाएं लिखिए। 2

अथवा

'संसाधन के रूप में लोग' से आप क्या समझते हैं?

प्र.15- 1789 की फ्रांस की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था? 2

अथवा

कार्ल मार्क्स का पूंजीवाद पर क्या विचार था?

प्र.16- फ्रांस में दास प्रथा का उन्मूलन कैसे हुआ? समझाइए। 2

अथवा

प्रथम विश्वयुद्ध का रूस की क्रांति पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्र.17- हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है? 2

अथवा

भारत के उत्तरी मैदान का वर्णन कीजिए।

प्र.18- भारतीय संविधान में प्रस्तावना का क्या महत्व है? 3

अथवा

संविधानसभा का परिचय लिखिए।

प्र.19- भौतिक पूंजी और मानवीय पूंजी में कोई तीन अंतर लिखिए। 3

अथवा

रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग क्यों हानिकारक है?

प्र.20- उन जनवादी अधिकारों की सूची बनाएं जो आज हमें मिले हुए हैं और जिन का उद्गम फ्रांसीसी क्रांति से है। 3

अथवा

बोल्शेविकों ने अक्टूबर क्रांति के फौरन बाद रूस में कौन-कौन से परिवर्तन किए? लिखिए।

प्र.21- लोकतंत्र ही क्यों? अपने तर्कों द्वारा विवेचना कीजिए। 4

अथवा

लोकतांत्रिक एवं गैर लोकतांत्रिक शासन की तुलना कीजिए।

प्र.22- बांगर और खादर भूमि में अंतर लिखिए। 4

अथवा

भारत को कितने भौतिक भागों में बांटा गया है? किसी एक का वर्णन कीजिए।

प्र.23- शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या क्यों है? समझाइये। 4

अथवा

क्या आप शिक्षा प्रणाली में शिक्षित बेरोजगारों की समस्या को दूर करने के लिए कुछ उपाय सुझा सकते हैं?